B.K. BIRLA CENTRE FOR EDUCATION
SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
A CBSE DAY-CUM-BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL

PERIODIC TEST-1 (2026-27)
HINDI (085)
SET – 1

Class : VII — Duration : **1 Hrs**

Date :15.06.2026 — Max. Marks : **25**

सामान्य निर्देश:- 1. कृपया अच्छी तरह परीक्षण कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 06 प्रश्न हैं ।
2. प्रत्येक भाग के उत्तर एक ही स्थान में क्रम से लिखने की यथासंभव कोशिश करें ।
3. उत्तरलेखन से पूर्व प्रश्न का क्रमांक प्रश्नपत्र के अनुसार अवश्य लिखें ।
4. प्रश्नों के निर्देश ध्यानपूर्वक अवश्यं पढ़ें ।

प्रश्नपत्रस्वरूप- भाग 'क' : अपठित गद्यांश — 7 अङ्क
भाग 'ख' : व्याकरण — 11 अङ्क
भाग 'ग' : पाठ्यपुस्तक — 7 अङ्क

खंड क (अपठित बोध)

प्रश्न.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए :-

योग हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमारे शरीर और मन को स्वस्थ रखने में मदद करता है। योग करने से शरीर लचीला बनता है और बीमारियों से बचाव होता है।आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग तनाव और चिंता से घिरे रहते हैं। योग करने से मन को शांति मिलती है और एकाग्रता बढ़ती है। सुबह के समय योग करना सबसे अच्छा माना जाता है क्योंकि उस समय वातावरण शुद्ध और शांत होता है।योग केवल व्यायाम नहीं है, बल्कि यह एक जीवन जीने की कला भी है। यदि हम रोज़ाना योग करें, तो हम एक स्वस्थ और खुशहाल जीवन जी सकते हैं।

(i) योग करने से क्या लाभ होता है? **[1]**

(a) शरीर कमजोर होता है
(b) शरीर और मन स्वस्थ रहते हैं
(c) केवल मन स्वस्थ रहता है
(d) कोई लाभ नहीं होता

(ii) योग करने का सबसे अच्छा समय कौन-सा है? **[1]**

(a) रात
(b) दोपहर
(c) सुबह
(d) शाम

(iii) योग क्या है? **[1]**

(a) केवल खेल
(b) केवल व्यायाम
(c) जीवन जीने की कला
(d) केवल पढ़ाई

(iv) योग करने से मन को क्या लाभ होता है? **[2]**

(v) हमें रोज़ योग क्यों करना चाहिए? **[2]**

खंड ख (व्यावहारिक व्याकरण)

प्रश्न.2 भाषा और व्याकरण पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- **[4]**

(i) भाषा के कितने रूप हैं?

(ii) भाषा की लिखने के ढंग को क्या कहते हैं?

(iii) लिखित भाषा का एक उदहारण लिखिए |

(iv) संस्कृत भाषा की लिपि नाम बताइए |

प्रश्न.3 वर्ण विचार पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- **[4]**

(i) भाषा की सबसे छोटी इकाई क्या कहते हैं**?**

(ii) वर्ण के कितने भेद हैं **?**

(iii) दो दीर्घ स्वरों के नाम लिखिए **|**

(iv) दो ह्रस्व स्वरों के नाम लिखिए **|**

प्रश्न.4 शब्द रचना पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- **[3]**

(i) तत्सम शब्द किसे कहते हैं**?**

(ii) हस्त का तद्भव शब्द लिखिए **|**

(iii) शब्द किसे कहते हैं**?**

(iv) कोई एक विदेशज शब्द लिखिए**|**

खंड ग (पाठ्यपुस्तक)

प्रश्न.5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- **[4]**

(i) फूल क्या सहकर डाल पर मुसकरा रहा है**?**

(ii) कवि ने मुसाफिर को क्या संदेश दिया**?**

प्रश्न.6 नीचे दिए गए दीर्घ प्रश्नो के उत्तर लिखिए : (कोई एक) **[3]**

(**i)** मुसकराकर चल मुसाफिर कविता हमें क्या संदेश देती है**?**

(ii) जल बैंक पाठ पढ़ने के बाद आपने क्या सीखा**?**

===========================समाप्त=============================